## संपादकीय

# तकनीक में छलांग

भारत ने नए दौर की अत्याधुनिक तकनीक के विकास में काफी तत्परता दिखाई है, उसी का सुखद परिणाम है कि आज हम तकनीकी नवाचार के मामले में विश्व में चीन के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। कंसल्टेंसी फर्म केपीएमजी के 2020 ग्लोबल टेक्नॉलजी इंडस्ट्री इनोवेशन सर्वे के अनुसार आर्टिफशल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के क्षेत्र में नई खोजों और अनुसंधान के मामले में चीन के साथ भारत दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। टॉप पर अमेरिका है। यही नहीं विश्व के प्रमुख टेक्नॉलजी हब में बंगलुरु टॉप टेन में पहुंच गया है। उसका स्थान नौवां है। केपीएमजी के अनुसार भारत में पिछले कुछ वर्षों में पूंजी के बढ़ते प्रवाह और शहरीकरण ने तकनीकी शोध और अनुसंधान के लिए उपयुक्त माहौल तैयार किया है। भारत में विशाल युवा आबादी का होना भी इसमें सहायक है।

कुछ विशेषज्ञों की राय है कि अमेरिकी की हाल की कठोर वीजा नीति भारत और चीन के लिए सकारात्मक साबित हुई है। कई तकनीकी विशेषज्ञ इस कारण अमेरिका जाने से वंचित रह गए या उन्हें स्वदेश लौटना पड़ा और उन्होंने अपने देशों में बेहतर काम किए। वैसे भारत में पिछले कुछ समय से तकनीकी विकास का बेहतर माहौल बना है। केंद्र सरकार ने महसूस किया है कि अगर देश को विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है तो उस तकनीक को अपनाना होगा, जो भविष्य में अहम भूमिका निभाने वाली है। इसी को ध्यान में रखकर कई योजनाएं शुरू की गईं जैसे डेटा पार्क, टाइड 2.0 (टेक्नॉलजी इनक्यूबेशन एंड डिवेलपमेंट ऑफ आंट्रप्रनर्स), सीओई (सेंटर ऑफ एक्सलेंस) और डिजिटल इंडिया। गौरतलब है कि यह सर्वे दुनिया भर की टेक्नॉलजी इंडस्ट्री में काम कर रहे 800 बड़े विशेषज्ञों के बीच किया गया। उनमें से 37 फीसदी का मानना है कि जिस तरह से दूसरे देश तकनीकी नवाचार में लगे हैं, जल्दी ही सबसे बड़ा इनोवेशन सेंटर सिलिकन वैली से बाहर होगा। इस संदर्भ में उन्होंने सिंगापुर का उदाहरण दिया। वह टेक्नॉलजी हब के रूप में इस सर्वे में पहले स्थान पर रहा। पिछले साल वह सातवें स्थान पर था।

यह सर्वेक्षण निश्चय ही हमारा मनोबल बढ़ाता है, लेकिन भविष्य की जरूरतों को देखते हुए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। सिर्फ एक बंगलुरु और मुट्ठी भर तकनीकी संस्थानों के बूते यह कार्य संभव नहीं है। अभी भी कई तकनीकी खासकर इंजीनियरिंग संस्थानों का पाठ्य म काफी पुराना है। उनके शिक्षक नए तकनीकी विकास से परिचित तक नहीं हैं। वे इंडस्ट्री की अपेक्षाओं को नहीं जानते। नतीजा यह होता है कि हमारे छात्र बस हाथ में डिग्री लिए भटकते रहते हैं। उन्हें न तो ढंग की नौकरी मिल पाती है और न ही वे किसी तरह का इनोवेशन कर पाते हैं। वर्तमान तकनीकी शिक्षा को अपग्रेड करने के साथ हमें स्टार्टअप्स पर भी ध्यान देना होगा। उन्हें हर तरह की मदद देनी होगी ताकि वे तकनीकी नवाचार में योगदान दे सकें।

# हॉकी इंडिया ने किया राष्ट्रीय चैंपियनशिप की नई तारीखों का ऐलान

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने देश के विभिन्न हिस्सों में 10 अप्रैल के बाद से शुरू होने वाली कई जूनियर और सब जूनियर (पुरुष एवं महिला) राष्ट्रीय चैंपियनशिपों को सोमवार को स्थगित कर दिया।

हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड ने यह फैसला देश भर में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए लिया है। हॉकी इंडिया ने साथ ही राष्ट्रीय चैंपियनशिपों के लिए नई तारीखों की भी घोषणा की है।



घोषणा के अनुसार, रांची में होने वाली 10वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप (बी डिवीजन) का आयोजन पहले 10 से 20 अप्रैल तक होनी थी, लेकिन अब इसका आयोजन 29 अप्रैल से नौ मई तक होगी। इसके अलावा चेन्नै में 15 से 26 अप्रैल तक होने वाली हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप (बी डिवीजन) अब 14 से 21 मई तक आयोजित की जाएगी। हॉकी इंडिया ने साथ ही बताया कि हरियाणा के हिसार में 13 से 24 अप्रैल तक होने वाली सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप (बी डिवीजन) अब तीन से 14 मई तक खेली जाएगी, जबकि चेन्नै में 10 से 17 अप्रैल तक होने वाली 10वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप (ए डिवीजन) 19 से 30 मई तक होगी। रांची में यह 18 से 28 अप्रैल तक होने वाली 10वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप (ए डिवीजन) 12 से 23 मई तक होगी।

# मार्च में 11350 रुपये तक सस्ता हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** क्या वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर बढ़ रही है? यह सवाल इसलिए अहम हो गया है क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी शेयर बाजार आई भारी गिरावट को लेकर कहा कि हो सकता है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था मंदी की ओर बढ़ रही है। दूसरी तरफ पिछले 12 दिनों में सोना 5200 रुपया और चांदी 11350 रुपये से ज्यादा सस्ती हो गई है।




20 अप्रैल को डिलिवरी वाला सोना सुबह 11.30 बजे 39156 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। 5 मार्च को कीमत 44458 रुपये थी। 10 मार्च से लगातार कीमत गिरावट के साथ बंद हो रही है। मार्च के महीने में उच्चतम मूल्य के मुकाबले इसमें 5200 रुपये से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। बात अगर चांदी की करें तो 20 मई को डिलिवरी वाली चांदी अभी 35587 प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। मार्च में इसकी अधिकतम कीमत 6 मार्च को 46969 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची थी।

# शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स करीब 500 अंक उछला

**मुंबई (आरएनएस)।** कोरोना वायरस संक्रमण के कारण वैश्विक मंदी की आशंका से निवेशकों के हलकान रहने के बाद भी हाल में गिरे शेयरों में खरीद आने से मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स करीब 500 अंक उछल गया।

सेंसेक्स में उथल-पुथल का दौर जारी है और शुरुआती कारोबार में इसमें एक हजार अंक से अधिक का उतार चढ़ाव देखा गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 475.45 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 31,865.52 अंक पर चल रहा था।इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 163 अंक यानी 1.77 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,360.40 अंक पर चल रहा



था।सोमवार को सेंसेक्स में अभी तक की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट देखी गयी। सेंसेक्स 2,713.41 अंक यानी 7.96 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

निफ्टी में भी 757.80 अंक यानी 7.61 प्रतिशत की गिरावट रही।प्राथमिक आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 3,809.93 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।कारोबारियों के अनुसार, आर्थिक मंदी की आशंकाओं के बाद भी निवेशक हाल में गिरे शेयरों में खरीदारी कर रहे हैं।

# शुरुआती कारोबार में 25 पैसे मजबूत हुआ रुपया

**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजारों के बढ़त में खुलने तथा तरलता बढ़ाने के रिजर्व बैंक के उपायों के दम पर मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 25 पैसे मजबूत हो गया। कारोबारियों ने कहा कि रिजव बैंक द्वारा सोमवार को अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर घटाने के संकेत देने से निवेशकों की धारणा को बल मिला। इसके अलावा तरलता बढ़ाने के रिजर्व बैंक के उपायों ने भी रुपये की मदद की। रुपया मजबूती के साथ 74.16 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और कुछ ही देर में बढ़त लेते हुए 74 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। सोमवार को रुपया 74.25 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# मिशन तोक्यो जारी: भारतीय रेसलर्स को उम्मीद कि नहीं टूटेगा ओलिंपिक्स का सपना

**नई दिल्ली।** पिछले तीन ओलिंपिक्स से भारत को रेसलिंग में मेडल मिल रहा है और एक बार फिर इस खेल से भारत को उम्मीदें हैं। तोक्यो ओलिंपिक्स के लिए रवि दहिया, बजरंग पूनिया, दीपक पूनिया और विनेश फोगाट ने चॉलिफाइ कर लिया है।


कई और रेसलर्स हैं जिनसे उम्मीद है कि वे चॉलिफाइ कर लेंगे। हालांकि,कोरोना के कहर ने भारतीय पहलवानों को अपनी योजनाएं बदलने को मजबूर कर दिया है। जो चॉलिफाइ कर चुके हैं वो ट्रेनिंग के लिए विदेश नहीं जा पा रहे और जो चॉलिफाइंग टूर्नमेंट के लिए टीम में चुने गए हैं उनकी प्रतियोगिताएं फिलहाल रोक दी गई हैं। बावजूद इसके भारतीय पहलवानों ने उम्मीद का दामन नहीं छोड़ा है। उनका मिशन तोक्यो



जारी है। हां, वह प्रैक्टिस में सावधानी बरत रहे हैं।

महिला वर्ग में अभी तक एकमात्र कोटा विनेश फोगाट ने हासिल किया है। विनेश से रियो ओलंपिक्स में भी मेडल की उम्मीद थी लेकिन मुकाबले के दौरान लगी गंभीर चोट से उनका सपना साकार नहीं हो सका। पिछली कुछ इंटरनैशनल प्रतियोगिताओं में विनेश ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उसे देखते हुए उनसे इस बार उम्मीदें बढ़ गई हैं। कोरोना के दौर में विनेश की तैयारियों पर क्या असर पड़ा है? इस पर इस रेसलर ने कहा, च्यह ओलिंपिक्स वर्ष है। भला कोई खिलाड़ी कोताही बरतने की सोच भी कैसे सकता है। अभी ओलिंपिक्स को लेकर काफी चर्चाएं हो रही हैं कि यह होगा कि नहीं होगा। लेकिन, मैं इस बारे में कुछ भी नहीं सोचती।

मैंने प्रैक्टिस में किसी तरह की ढीलाई नहीं की है। हां, जितना हो सकता है एहतियात बरत रही हूं। हमारा खेल बॉडी कॉन्टैक्ट का है। कहा जा रहा है कि हाथ मिलाने से परहेज करें। लोगों से एक मीटर की दूरी बनाए रखें। मास्क लगाए रहें। प्रैक्टिस के दौरान हम इन बातों पर अमल नहीं कर सकते। फिर भी, जितना संभव हो पाता है हाथ धोती हूं और कोशिश करती हूं कि बाहरी लोगों से कम मिलूं।



# रोनाल्डो के होटल ने अस्पताल बनवाने की खबरों का खंडन किया

लिस्बन। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के होटलों में से एक होटल ने उन खबरों का खंडन किया है।

जिसमें कहा गया था कि कोराना वायरस के खतरों से निपटने और इससे पीड़ित लोगों की मदद करने के लिए रोनाल्डो अपने होटलों को अस्पतालों में बदलने जा रहे हैं। स्पेनिश अखबार मार्का ने कहा था कि रोनाल्डो ने अपने दो होटलों में से एक होटल को अस्पताल में बदलने का फैसला किया है, जिसमें कि कोरोनावायरस से पीड़ित लोगों की मदद की जा सके।

हालांकि लिस्बन में स्थित होटल के स्टाफ ने कहा है कि होटलों को अस्पताल में बदलने की किसी भी योजना से वे अवगत नहीं है। गोल डॉट कॉम ने होटल के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा, 'यह एक होटल है और यह अस्पताल बनने नहीं जा रहा है।

यह प्रतिदिन एक जैसा ही है और यह होटल ही बना रहेगा। हमें प्रेस की ओर से फोन भी आया था। मैं उनके अच्छे दिन की कामना करता हूं।' पुर्तगाल में कोरोनावायरस के अब तक 200 से अधिक मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

# एक लाख नौकरियां देगा अमेज़न

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दुनिया भर में कोरोना वायरस अब महामारी बन चुका है। इस वायरस की वजह से अब तक 7000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 2 लाख लोग कोरोना से संक्रमित हैं। कई देशों में लॉकडाउन की स्थिति आ गई है तो वहीं कई जगह सरकारों ने लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। ऐसे में लोग अपनी जरूरत का सामान खरीदने के लिए ऑनलाइन ऑर्डर का सहारा ले रहे हैं। इस हालात को देखते हुए ई-कॉमर्स कंपनी अमेज़न ने 1 लाख लोगों को हायर करने की योजना बनाई है। अमेज़न की ओर से कहा गया कि अमेरिका में उनके पास काफी संख्या में पेंडिंग ऑर्डर हैं। अमेज़न की मानें तो लोग घर से बाहर नहीं निकलना चाहते हैं। यही वजह है कि ई-कॉमर्स का सहारा लिया जा रहा है और उम्मीद से कई गुना अधिक ऑर्डर मिल रहे हैं। इसको पूरा करने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की जरुरत है। ऐसे में हम अपने ग्राहकों तक ऑर्डर पहुंचाने के लिए 1 लाख लोगों को हायर कर रहे हैं।

## आज का राशिफल

मेषः आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आज कई जिम्मेदारियां होंगी।

वृषभः राजनीतिक प्रतिद्वंदी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए सामान्य है। राशि का स्वामी बुध एकादश केंद्र भाव में शनि के घर बैठकर बौद्धिक तथा व्यवसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है।

कर्कः आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा।

सिंहः आज आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड़यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा।

कन्याः राशि का स्वामी बुध शनि के घर षष्ठम भाव घर में संचार कर रहे हैं।

तुलाः आपकी राशि का स्वामी शु सप्तम भाव में और आज राहु नवम भाग्य भाव में है।

वृश्चिकः आज का दिन चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है।

धनुः राशि का स्वामी बृहस्पति धनुः में है। चंद्रमा आज प्रथम भाव में संचार कर रहा है।

मकरः राशि का स्वामी शनि यद्यपि प्रथम भाव में उदय है। आज सत्पुरूषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी।


कुंभः कर्मफल की सिद्धि कारक है। कहीं से कमा कमाया धन मिलने का योग हैं।

मीनः आपकी राशि का स्वामी देव गुरू बृहस्पति राशि से दशम भाव में धनुः राशि का होकर विद्यमान है। फलस्वरूप आज पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोधपक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा।

# जेबीएल की ब्रांड एंबेसडर बनीं सारा अली खान

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ऑडियो उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनी जेबीएल की नई ब्रांड एंबेसडर चुनी गई हैं।

सारा जेबीएल के नए विज्ञापन में नजर आई, जो कंपनी के अभियान लिव इट रियल, लिव इट रॉ का एक विस्तृत रूप है, इसे पहले बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह पर फिल्माया जा चुका है। कंपनी के साथ अपने इस जुड़ाव के बारे में सारा ने कहा, मैं जेबीएल टीम का हिस्सा बनकर रोमांचित और गर्वित हूं, जो गतिशीलता की बात करता है, जिसकी मैं व्यक्तिगत तौर पर सराहना करती हूं। लिविग इट रियल, लिविग इट रॉ मेरा निजी मंत्र है और इसे जेबीएल की प्रकृति के रूप में देखकर मैं खुश हूं। हरमन इंडिया के लाइफस्टाइल ऑडियो के उपाध्यक्ष हरमन खेर ने कहा, हमारे अभियान लिव इट रियल, लिव इट रॉ में सारा अली खान



और रणवीर सिंह जैसे कलाकार शामिल हैं। हम जिस काम को कर रहे हैं, उस पर हमें गर्व है, जो युवाओं की भाषा बोलती है, मानदंडों को चुनौती देती है और पुरानी विचारधाराओं को पीछे छोड़ती है। ब्रांड के विज्ञापन का अनावरण गुरुवार को किया गया। इसे जेबीएल के सोशल मीडिया चैनल के अलावा अन्य प्लेटफॉर्म पर भी देखा जा सकेगा।

# इगो में विश्वास नहीं रखती : कैटरीना



अभिनेत्री कैटरीना कैफ अपने को भाग्यशाली मानती हैं कि शाहरुख खान, रितिक रोशन, अक्षय कुमार और सलमान खान जैसे बड़े सितारे उनके मित्र हैं। वह कहती हैं कि वह इन सभी का सम्मान करती हैं और मित्रता के बीच इगो नहीं आता। कैटरिना ने कहा, मुझे इस पर विचार करने की जरूरत नहीं कि आपने मेरे इगो को क्यों चोट पहुंचाई। वह आपकी समस्या है। अपमान अलग चीज है। आपको उठ खड़ा होना चाहिए और उसे बचाना चाहिए। इगो से क्या हासिल होता है? मैं बस एक व्यक्ति हूं। अभिनेत्री ने कहा, चाहे शाहरुख हो, रितिक हो, अक्षय हो या सलमान, मैं भाग्यशाली हूं कि इन लोगों को मित्र कहती हैं और वे मेरे लिए महत्वपूर्ण हैं। मैं उनसे किसी भी समय बात कर सकती हूं। मैं उनका सम्मान करती हूं और जब आप किसी का सम्मान करते हैं, तो उस बीच इगो नहीं आता।

# थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे सनी देओल

बॉलीवुड के माचो मैन सनी देओल थ्रिलर फिल्म में काम करने जा रहे हैं। सनी देओल साउथ के निर्देशक हनु राघवपुरी की थ्रिलर में लीड रोल निभाते हुए नजर आएंगे। सनी देओल ने कहा कि यह फिल्म कोई साउथ का रीमेक नहीं होगी।



बल्कि एक फ्रेश स्टोरी होगी जिसमें ढेर सारा एक्शन और सस्पेंस देखने को मिलेगा। यह बेहद रोचक विषय है। ऐसा किरदार अभी तक उन्होंने नहीं निभाया है। इस रोल के बारे में वह अभी ज्यादा नहीं बता सकते लेकिन इतना तय है कि इसके लिए उन्हें काफी मेहनत करना होगी।

निर्देशक हनु राघवपुड़ी ने सनी को अपनी फ़िल्म में कास्ट करने को लेकर कहा कि उनका तो सपना पूरा हो गया। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में कई सारे एक्शन सीन देखने को मिलेंगे। इस एक्शन फिल्म के लिए सनी से बड़ा कोई एक्शन स्टार नहीं हो सकता।

# 'सिंधी कढ़ी' का स्वाद है काफी अलग और खास, जानें रेसिपी

### सामग्री

अरहर दाल- 1 कप, टमाटर- 1, भिंडी- 1 कप (लंबाई में कटी हुई), तेल- 2 टीस्पून, मेथी- 1 टीस्पून, राई- 1 टीस्पून, सूखी लाल मिर्च- 2, कढ़ी पत्ता- 10, हींग- चुटकी भर, बेसन- 2 टेबलस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, इमली का पेस्ट- 1 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1 टीस्पून, गुड़- 1 टीस्पून (कद्दूकस किया), नमक- स्वादानुसार

### विधि

सबसे पहले प्रेशर कुकर में अरहर दाल, पानी और टमाटर डालकर तीन सीटी आने तक पका लें।

फिर जब दाल ठंडी हो जाए तब इसे मैश कर लें। अब एक कढ़ाई में तेल गरम करें और इसमें भिंडी डालकर क्रिस्पी होने तक फ्राई कर लें और



अलग रख दें। इसके बाद उसी कढ़ाई में राई, मेथी, हींग, कढ़ी पत्ता और सूखी लाल मिर्च डालें और 15 सेकेंड तक भून लें। फिर इसमें बेसन डालें और ब्राउन होने तक भून लें। फिर इसमें धीरे-धीरे पानी डालें और अच्छे से मिक्स करते रहें, जिससे गाठें न पड़ें। फिर इसमें मैश की हुई दाल, इमली का पेस्ट, गुड़ डालकर अच्छे से मिक्स करें और तीन से चार मिनट तक पका लें। फिर इसमें भिंडी डालें और 5 मिनट तक पकाएं। फिर इसमें गरमा-गरम चावल के साथ सर्व करें।


# शब्द सामर्थ्य- 64

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 63 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

# सू-दोकू- 64

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.63 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |